**Seventeenth Loksabha**

pan>

Title: Regarding setting up of a post office at Sansad Adarsh Gram Panchayat Belawan, Rampur Block, Kaimur district, Bihar.-Laid

**श्री छेदी पासवान** (**सासाराम**): मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि सतरहवीं लोकसभा में मेरे द्वारा दूसरा सांसद आदर्श ग्राम पंचायत- बेलॉव, प्रखण्ड-रामपुर, जिला-कैमूर (बिहार) को सांसद आदर्श ग्राम योजना अन्तर्गत गोद लिया गया है, जहाँ के नागरिकों के सर्वांगीण विकास एवं मूलभूत सेवाओं को माननीय प्रधान मंत्री जी के मंशा के अनुरूप उपलब्ध कराने का लक्ष्य है । यह ग्रामपंचायत एक बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है, जहाँ गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों की बहुलता है, और उन्हे सभी प्रकार से विकसित करना सांसद आदर्श ग्राम योजना का लक्ष्य है । ज्ञातव्य हो कि 3-4 कि. मी. के अंदर इस पंचायत में कहीं भी पोस्ट ऑफिस नहीं है । पोस्ट ऑफिस के अभाव में लगभग 10000 (दस हजार) जनता एवं कर्मचारीगण डाक सेवा से वंचित हैं । इस सुदूर इलाके में सांसद आदर्श ग्रामपंचायत का चयन किया गया है। यहॉ पोस्ट ऑफिस का ब्रान्च स्थापित करना अति आवश्यक है। अतः अनुरोध है कि प्राथमिकता के आधार पर सांसद आदर्श ग्राम पंचायत-बेलॉव (प्रखण्ड-रामपुर) जिला-कैमूर (बिहार) में शीघ्र डाकघर की स्थापना हेतु संचार मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए ।